## मां का इलाज नहीं करने पर युवक ने डॉक्टर को कॉलर पकड़ कर घसीटा

### डॉक्टर हुए लामबंद, पुलिस से शिकायत, जांच शुरू



**सतना।** मेडिकल कॉलेज के डॉ.निशांत श्रीवास्तव के साथ शुक्रवार को एक युवक द्वारा की गयी अभद्रता के बाद डॉक्टरों में भारी आक्रोश पैदा हो गया। मेडिकल कॉलेज के डॉक्टरों द्वारा घटना की सूचना सिटी कोतवाली पुलिस को दिये जाने पर टीआई शंखधर द्विवेदी पुलिस बल सहित मौके पर पहुंचे। उन्होंने डॉक्टरों के साथ बैठक करके घटना की जानकारी ली और उचित कार्यवाही का आश्वासन देकर मामले को शांत कराया।

**क्या है पूरा मामला**

घटना के संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक जिला अस्पताल में रोजाना की तरह सुबह से ओपीडी में मरीजों की भारी भीड़ थी। इसी दरमियान एक युवक अपनी मां को साथ लेकर जांच एवं उपचार कराने अस्पताल पहुंचा। बताया जाता है कि वह बीमार मां को लेकर काफी देर तक खड़ा रहा। किन्तु भीड़ की वजह से डॉक्टर मरीज की जांच नहीं कर पाये। इसी बीच एक अन्य व्यक्ति ने बीच में घुस कर अपने मरीज की जांच करा ली। जिसे देखकर युवक बेहद नाराज हो गया। सूत्रों के मुताबिक विरोध जताते हुये वह डॉ.निशांत श्रीवास्तव से भिड़ गया। विवाद इतना बढ़ा कि युवक ने डॉक्टर का कालर पकड़कर घसीटते हुये उनके साथ धक्का-मुक्की की। युवक की इस हरकत पर नाराज मेडिकल कॉलेज के डॉक्टरों ने सुरक्षा एवं आरोपी युवक के खिलाफ कार्यवाही की मांग को लेकर पुलिस को सूचना देते हुये बुलवा लिया।

## खबर संक्षेप



### भाजपा के 22 मंडलों में मनाया गया योग दिवस

**सतना।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष सतीश शर्मा ने भाजपा कार्यालय के सामने दीनदयाल उपाध्याय पार्क में योग कर स्वस्थ रहने का संदेश दिया। भाजपा जिला अध्यक्ष सतीश शर्मा ने कहा कि आज अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर जिले को स्वस्थ रहने का संदेश दिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जब पहली बार प्रधानमंत्री बने थे तब उन्होंने दुनिया के देशों को स्वस्थ रहने के लिए योग को अपनाने की सलाह दी थी और दुनिया के देशों ने हमारी भारतीय संस्कृति के प्रतीक योग को आत्मसात किया। आज पूरे विश्व में योग की यश-पताका फहरा रही है।अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर भाजपा द्वारा जिले के सभी 22 मंडलों पर योग के कार्यक्रम आयोजित किए गए।महापौर योगेश ताम्रकार ने कहा कि कि यूं तो अनादि काल से ही योग भारतीय संस्कृति का एक महत्वपूर्ण अंग रहा है। वर्तमान काल खण्ड में भारत के गौरव की यश-पताका को निरन्तर विश्व में लहराने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस भारतीय ज्ञान-मनीषा को समूची दुनिया में लोकप्रिय एवं नवीन पहचान दिलाने का कार्य किया है।आज पूरा विश्व योग के साथ ही भारत के वैभव और निरन्तर प्रगति की मुक्त कंठ से प्रशंसा कर रहा है। मोदी जी के प्रयासों से ही आज विश्व योग दिवस मनाया जा रहा है।

### ट्रेन के एसी कोच में धुआं उठने से यात्रियों के बीच मचा हड़कंप



**सतना।** शुक्रवार को छपरा से चलकर पनवेल जा रही एक यात्री ट्रेन के एसी कोच में उसे वक्त हड़कंप मच गया जब बिजली के पैनल में अचानक धुआं उठने लगा। घबराए यात्रियों ने ट्रेन को चेन खींचकर रोका और उसके बाद रेलवे के कर्मचारियों को सूचना दी। रेलवे के कर्मचारियों ने तत्काल मौके पर पहुंचकर एसी कोच के विद्युत पैनल में उठ रहे धुएं को देखा और बड़ी घटना होने से पहले उसे रोकने में सफलता प्राप्त कर ली। बताया जाता है कि गर्मी के कारण लोड बढ़ने और शॉर्ट सर्किट होने की वजह से पैनल से धुआं निकल रहा था। काफी देर तक ट्रेन सतना में खड़ी रही सब कुछ ठीक होने के बाद उसे आगे के लिए रवाना किया गया।

## पानी के कारण सड़कों की दुर्दशा गड्ढों में फंस रहे वाहन



**सतना।** स्मार्ट की सिटी की सड़कें बर्बाद हो चुकीं हैं। वाहन चलाना तो दूर पैदल चलना भी मुश्किल हो रहा है। सड़कों में बड़े-बड़े गड्ढे हैं जहां पर रोज वाहन फंस रहे हैं और लोग दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं। इस बीच दो दिन से हो रही बारिश ने समस्या को और बढ़ा दिया है। शुक्रवार को सिद्धार्थ नगर के टेलर चौराहे का हाल-बेहाल हो गया। यहां सीवर लाइन कार्य से सड़क में गड्ढों से लोग परेशान हैं और यहां पर ट्रैक्टर भी फंस गया। ट्रैक्टर ट्राली को बड़ी मेहनत के बाद निकाला जा सका। इसी प्रकार जय स्तंभ चौक से लेकर टिकुरिया टोला की ओर जाने वाले मार्ग की स्थिति है जहां पर रोज वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो रहे हैं। बाजार क्षेत्र में जहां-जहां पर भी सीवर के लिए सड़क खोदी गई है वहां पर चलना मुश्किल हो रहा है। उधर खेरमाई रोड में सरिता मार्बल के पास निर्माणाधीन नाला की वजह से सड़क की स्थिति और भी खराब हो गई है। यहां पर भी नागरिकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इधर जवाहर नगर इलाके में पिछले 6 महीने से सड़क की स्थिति खराब है। बारिश की वजह से कीचड़ हो गया है जिसकी वजह से नागरिक जबरदस्त परेशानी से गुजर रहे हैं।

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस शासकीय कन्या शाला में संपन्न



**मैहर।** दसवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर सामूहिक योग कार्यक्रम मैहर के शासकीय कन्या शाला प्रांगण में आयोजित किया गया इस अवसर पर विधायक मैहर श्रीकांत चतुर्वेदी, पुलिस अधीक्षक सुधीर अग्रवाल,अपर कलेक्टर शैलेंद्र सिंह,जनपद सीओ प्रतिपाल बागरी,एसडीएम मैहर विकाश सिंह,सीएमओ लालजी ताम्रकार,तहसीलदार मैहर जितेंद्र पटेल,विद्याचरण तिवारी,सुभाष मिश्रा एवं सभी विभागीय अधिकारी,कर्मचारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

**खेल मैदान मैहर में योगा ट्रेनिंग**

मैहर के प्रभारी योगाचार्य अनिकेत पाल के द्वारा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस प्रोटोकॉल आयुष मंत्रालय की गाइडलाइन के अनुसार योगाभ्यास करवाया गया नेहरू युवा केंद्र संगठन सतना जिला युवा अधिकारी कुलदीप सिंह एवं लेखपाल महेश द्विवेदी के निर्देशन में मध्य प्रदेश युवा कार्यक्रम खेल मंत्रालय भारत सरकार के तत्वाधान योगा ट्रेनिंग मैहर पतंजलि के द्वारा योगाअभ्यास कराया गया।

## नीट यूजी परीक्षा में धांधली के खिलाफ कांग्रेस का विरोध प्रदर्शन

### नीट परीक्षाएं रद्द करने की मांग, कलेक्टर को राज्यपाल के नाम सौंपा ज्ञापन





**सतना।** नीट यूजी परीक्षाओं में हुए भ्रष्टाचार परीक्षाओं में हुई अनियमिता पेपर लीक होने के उपरांत एनडीए सरकार की खामोशी के विरोध में जिला कांग्रेस कमेटी की अगुवाई में शुक्रवार को विरोध प्रदर्शन कर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया एवं नीट परीक्षाएं निरस्त करने की मांग की गई। इस दौरान जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दिलीप मिश्रा ने नीट परीक्षाओं में हुए भ्रष्टाचार को छात्रों के साथ घोर अन्याय बताया। श्री मिश्रा ने सवाल खड़ा किया कि छात्रों के साथ इतना बड़ा घोटाला हो गया इसके बाद भी एनडीए की सरकार आखिर खामोश क्यों है? कई दिनों से सारे देश में छात्र आंदोलनरत एवं एनडीए की सरकार कुछ भी बोलने से आखिर क्यों कतरा रही है? मध्य प्रदेश में नीट यूजी-24 परीक्षा देवी अहिल्याबाई विश्व विद्यालय इंदौर में हुए पेपर लीक घोटाला एवं प्रदेश में हुए नरसिंह घोटाले भी तमाम कहानियों को बयां कर रहे हैं।कांग्रेस अध्यक्ष श्री मिश्रा ने कहा कि सरकार की विफलता के कारण हजारों बच्चों का भविष्य अंधकार में डूब गया। कांग्रेस अध्यक्ष श्री मिश्रा ने यह भी कहा कि बिहार,गुजरात और हरियाणा में दलालों की,की गई गिरफ्तारियों से भ्रष्टाचार स्पष्ट रूप से उजागर हुआ है।वह भारतीय जनता पार्टी शासित राज्यों में कदाचार के पैटर्न को उजागर करता है।कार्यक्रम में पूर्व विधायक कल्पना वर्मा,विधानसभा प्रत्याशी रमाशंकर पयासी, रश्मि पटेल,प्रदीप समदडिय़ा, राजभान सिंह,उर्मिला त्रिपाठी ,मिथिलेश सिंह,गीता सिंह,सत्येंद्र निगम,राजेंद्र गर्ग,प्रवीण सिंह,यशवंत सिंह तिवारी,के अलावा बड़ी संख्या में कांग्रेस जन उपस्थित रहे।

## परीक्षा में हुई धांधली को लेकर मैहर में कांग्रेस का प्रदर्शन



**मैहर।** हाल ही में नीट परीक्षा में हुए पेपर लीक एवं अन्य गड़बड़ियों को लेकर परीक्षा प्रतिभागियों के बीच जमकर आक्रोश को मुखर देते हुए कांग्रेस ने प्रदेश भर में धरना देकर इस पूरे प्रकरण में भाजपा सरकार को घेरते हुए जांच और दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की मांग की। मैहर जिला कांग्रेस कमेटी ने जिलाध्यक्ष धर्मेश घई के नेतृत्व में ज्ञापन कलेक्टर मैहर को राज्यपाल के नाम सौंपा। कलेक्टर मैहर की ओर से तहसीलदार जितेंद्र पटेल ने ज्ञापन स्वीकार किया। इस दौरान तमाम वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं सहित सभी मोर्चे प्रकोष्ठ एवं विंगो के पदाधिकारी कार्यकर्ता उपस्थित थे। जिलाध्यक्ष धर्मेश घई ने कहा कि इस प्रकार के कदाचारों से हमारी वैश्विक छवि धूमिल होती है। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष प्रभात द्विवेदी दद्दा ने भाजपा सरकार को दोषी ठहराते हुए कहा कि भाजपा शासित राज्यों में पेपर लीक की घटनाएं महज संयोग नहीं है बल्कि नकल माफिया और सरकार के बीच सांठ गांठ को उजागर करता है। उन्होंने आगे कहा कि यह सरकार हमारे देश की प्रतिभाओं की निर्मम हत्या कर रही है। चूड़ामणि बाड़ोलिया ने पूरे प्रकरण की उच्च स्तर की जांचकर अपराधियों को सलाखों के पीछे पहुंचाने की बात कही। इस दौरान किसान कांग्रेस के जिला अध्यक्ष पुष्पराज सिंह,वरिष्ठ कांग्रेस नेता योगेंद्र सिंह,नागेंद्र नाथ बडगैंया मनीष पटेल,केशव चौरसिया,रामवतार चौरसिया,अरुण तनय मिश्रा,जिला अध्यक्ष सेवादल मैहर ब्लॉक अध्यक्ष प्रभात द्विवेदी दद्दा,नादान ब्लॉक के अध्यक्ष रामभद्र पांडेय,अमदरा के अध्यक्ष अमजद खान आदि कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद थे।

## नक्शे के विपरीत मकान बनाने वालों पर करें कार्यवाही

### कमिश्नर ने ली अफसरों की बैठक, फटकार भी लगाई



**सतना।** नगर निगम के कमिश्नर आईएएस शेर सिंह मीणा ने भवन अनुज्ञा एवं कॉलोनी सेल की बैठक में समीक्षा करते हुए भवन निरीक्षकों को निर्देशित किया गया कि शहर के मुख्य मार्गों में बन रहे भवन में अनिवार्य रूप से बिल्डिंग लाइन का पालन कराएं। यदि कोई भवन बिल्डिंग लाइन से विपरीत बन रहे है तो ऐसे भवन स्वामियों के विरूद्ध तत्काल कार्यवाही प्रस्तावित करें। इस हेतु भवन निरीक्षण अपने प्रभार के वार्डो का सतत भ्रमण करें। शहर के आंतरिक गलियों में यन रहे बिना भवन अनुज्ञा के भवनों का कार्य बंद कराकर इनको भवन अनुन प्राप्त करने हेतु प्रेरित करें। कॉलोनियों में जहां भी रैम्प सीढ़ी बनाकर सड़क पर अतिक्रमण कर लिया गया है ऐसे स्थानों को चिन्हित कर इन भवन स्वामियों के विरूद्ध भी कार्यवाही प्रस्तावित करें। शहर के मुख्य मार्गों में जिन स्थानों में बेसमेंट की अनुमति दी गई है उन भवनों में यह सुनिश्चित करें कि बेसमेंट का उपयोग पार्किंग के अतिरिक्त किसी अन्य कार्य में न किया जाए। यदि उपयोग हो रहा है तो ऐसे भवन स्वामियों के विरूद्ध कार्यवाही प्रस्तावित करें।आयुक्त,नगर पालिक निगम सतन द्वारा कॉलोनी सेल की समीक्षा करते हुए शहर में बन रही अवैध कॉलोनियों के विरूद्ध आपेक्षित कार्यवाही न किए जाने पर अप्रशन्नता व्यक्त की गई एवं निर्देशित किया गया कि शहर में बन रही अवैध कालोनियों का सर्वे कर अवैध कॉलोनी बना रहे भूमि स्वामियों के विरूद्ध नगर निगम अधिनियम के अंतर्गत शीघ्र कार्यवाही प्रस्तावित की जाए।

### स्मार्ट सिटी के कार्यों में धीमी गति,गुणवत्ता का ध्यान रखा जाए

आयुक्त द्वारा स्मार्ट सिटी एवं निक्षेप कार्यों की समीक्षा एवं कार्यकारी निदेशक सतना स्मार्ट सिटी द्वारा स्मार्ट सिटी परियोजना से चल रहे कार्यों एवं नगर निगम सचना द्वारा चल रहे निक्षेप कार्यों की समीक्षा की गई समीक्षा के दौरान मेजर नाले के गहरा नाला का कार्य 10 मीटर शेष बचा है एवं उमरी नाले का कार्य भी 10 मीटर शेष बचा है इन कार्यों को जून के अन्दर पूर्ण के निर्देश दिए गए है। इसी तरह खेरमाई नाला 300 मीटर शेष है इसे भी 30 जून तक पूर्ण किये जाने के निर्देश दिए गए एवं एसटीपी को जून माह तक पूर्ण किया जाए। साथ ही साथ बनाए गए नालों की सफाई का कार्य गति से किया जाए ताकि वर्षा ऋतु में जलभराव की स्थिति उपन्न न हो माइनर रोड,बाजारी रोड एवं स्टेशन रोड की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया गया कि माइनर रोड एवं बाजारी रोड का कार्य तीव्र गति से किया जाय तापमान को देखते हुए तराई का विशेष व्यवस्था की जाय कार्य गुणवत्तापूर्ण कराया जाय स्टेशन रोड की प्रगति अत्यन्त धीमी हैं। इसलिए कार्य में अधिक मानवबल लगाकर कार्य में गति लाई जाए ताकि अपेक्षित परिणाम आ सके। साथ ही साथ स्टेशन रोड में किए गए कार्य में निर्माण सामग्री पड़ी हुई है उसकी सफाई कराई जाए एवं यूटिलिटी डवर का कार्य कई जगह अधूरा पड़ा है इसे भी तत्काल पूर्ण किया जाए। शहर के जिन क्षेत्रों में पूर्व में पाइफलाइंग नहीं बिछाई गई है उनके लिए अलग से लिए गए प्रोजेक्ट में पाइपलाइन का कार्य शीघ्र पूर्ण किया जाए एवं टंकियों के निर्माण कार्य में प्रगति लाई जाए। माइनर नाले का कार्य नई बस्ती में वज्ञ रहा है इस संबंध में अतिक्रमण अधिकारी को निर्देशित किया गया कि अतिक्रमण दल उपस्थित रहे। ताकि निर्माण कार्य में आ रहे अवरोध तत्काल हटाया जाकर नाले का कार्य शीघ्र पूर्ण किया जाए। धवारी तालाब के शेष बचे कार्य को शीघ्रता से पूर्ण किया जाए। व्यंकटेश मंदिर की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया गया कि देश मंदिर में लगाई गई चेकर टाइल्स मानक अनुरूप नहीं है इसे तत्काल हटाकर मानक अनुसार चेकर टाइल्स लगाई जाए। प्रवचन हॉल का कार्य 30 जून तक पूर्ण किया जाए एवं व्यंकटेश मंदिर की फिनिसिंग 10 जुलाई तक पूर्ण कर ली जाए। नारायण तालाब की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया गया के नारायण तालाब में लैण्ड स्केपिंग मुख्य द्वार का निर्माण,वाट कार्य,योगा डे का निर्माण शीघ्र पूर्ण किया जाए।

## श्री रावतपुरा ट्रस्ट और सरस्वती शिशु मंदिर में मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस



**सतना।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर शुक्रवार को चित्रकूट स्थित श्री रावतपुरा सरकार लोक कल्याण ट्रस्ट और भवानी स्थित सरस्वती शिशु मंदिर केशव नगर में कार्यक्रम आयोजित करते हुए योग दिवस मनाया गया। दसवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर सामूहिक योग कार्यक्रम सतना के सरस्वती शिशु मंदिर केशवनगर विद्यालय में आयोजित किया गया इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य रामप्रकाश मिश्रा,रामनरेश शास्त्री एवं विद्यालय परिवार के सभी आचार्य दीदी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। योग का कार्यक्रम हीरालाल सिंगरौल के द्वारा करवाया गया साथ ही योग के लाभ और 21 जून को ही योग दिवस क्यों मनाया जाने लगा और इसको पूरे विश्व ने कैसे स्वीकार्य किया इस पर अपना उद्बोधन विद्यालय के आचार्य अशोक गौतम द्वारा दिया गया साथ ही विद्यालय के प्राचार्य रामप्रकाश मिश्रा द्वारा बच्चो के सर्वांगीण विकास में योग का क्या महत्व है यह बताया गया और बच्चो को प्रतिदिन अपने घर मे योग करने के लिए प्रेरित किया गया जिससे बच्चे सदैव स्वस्थ और मजबूत रहें।



**श्री रावतपुरा सरकार लोक कल्याण ट्रस्ट**

श्री रावतपुरा सरकार संस्थान,चित्रकूट में 10 वें विश्व योग दिवस के उपलक्ष्य में संस्थान की सभी इकाईयों द्वारा योग दिवस की शुरूआत करते हुए श्याम सुन्दर शर्मा,वेदाचार्य श्री रावतपुरा सरकार संस्कृत उ.मा. विद्यालय द्वारा स्वस्तिवाचन से शुभारम्भ किया गया। तत्पश्चात सभी विभाग प्रमुखों,अध्यापकों एवं छात्रों द्वारा प्राणायाम,सुखासन,शवासन,बज्रासन,पद्मासन,अर्धसिद्धासन , भ्रामरी, सूर्य नमस्कार,भस्त्रिका इत्यादि योग क्रियाएँ योगाध्यापक दीपराज सिंह व मनीष शर्मा द्वारा सामूहिक रूप से कराई गईं। संस्था के निदेशक रामपाल कौरव द्वारा विश्व योग दिवस 2024 की थीम ''स्वयं एवं समाज के लिए योग'' का वर्णन किया गया एवं सभी को अपने स्वास्थ्य एवं समाज के प्रति सजग रहने हेतु संकल्पित कराया गया। तत्पश्चात कार्यक्रम का समापन करते हुए संस्था के प्रशासनिक अधिकारी अरविन्द खरे द्वारा संस्था के सभी लोगों का आभार व्यक्त किया गया।

## नियमों को उल्लंघन कर कब्जा कर लिया

### पुनः सीमांकन कर अतिक्रमण हटा कर कब्जा दिलाए जाने की मांग

**मैहर।** पीताम्बर लाल हलवाई पिता स्व.पंचम लाल हलवाई कटरा के द्वारा पुलिस अधीक्षक मैहर को आवेदन पत्र देकर आरोपियों के द्वारा किए गए कब्जे को हटाकर प्रार्थी को कब्जा दिलाए जाने की मांग की है। फरियादी ने दिए गए आवेदन में कहा है कि श्रीमान के निर्देश के अनुसार प्रार्थी द्वारा कराये गये बाउण्ड्री निर्माण को राजाराम त्रिपाठी एवं रन्नों पाण्डेय के द्वारा आशीष उर्फ बबला मिश्रा के माध्यम से जेसीबी से तोड़ कर नष्ट कर देने के संबन्ध में कार्यवाही की मांग की जा रही है।प्रार्थी पीताम्बरलाल हलवई पिता स्व. पंचमलाल हलवाई कटरा बाजार मैहर थाना व तहसील मैहर जिला मैहर म.प्र.का निवासी हैं। ग्राम हनुमान टोला मैहर स्थित आ.क्र. 168/1/1 प्रार्थी के स्वत्व आधिपत्य की राजस्व रिकार्ड दर्ज आराजी है। उपरोक्त आराजी मे प्रार्थी के द्वारा सुरक्षा की दृष्टि से बाउण्ड्री वाल का निर्माण कराया जा रहा था,जिस पर विषयांकित राजाराम त्रिपाठी व रन्नो पाण्डेय के द्वारा धारा 250 का.मा. के अंतर्गत तहसील न्यायायल में आवेदन प्रस्तुत किया गया था,किन्तु उपरोक्त लोगों के द्वारा प्रस्तुत आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 250 का.मा. सारहीन होने से निरस्त कर दिया गया था,जिस पर उक्त लोगों के द्वारा तहसीलदार के आदेश के विरूद्ध अनुविभागीय अधिकारी मैहर के न्यायालय में प्रथम अपील प्रस्तु की गई थी।आवेदन में कहा गया है कि प्रार्थी के द्वारा जन सुनवाई मे समक्ष आवेदन प्रस्तुत किया गया था,जिस पर पूर्व अनुविभागीय अधिकारी द्वारा प्रार्थी के राजस्व अभिलेख का अवलोकन कर श्रीमान को अवगत कराया गया था,कि उक्त आराजी के संबन्ध में प्रार्थी के द्वारा प्रस्तुत सभी दस्तावेज वैध है,व मौके से प्रार्थी के द्वारा दल गठित कराकर सीमांकन भी कराया जा चुका है,व प्रार्थी के द्वारा सीमांकन के आधार पर अपनी उपरोक्त अराजी में ही बाउण्ड्री वाल का निर्माण कराया जा रहा है जिस पर श्रीमान जी के द्वारा मौखिक रूप से प्रार्थी को अपनी उक्त आराजी में निर्माणाधीन बाउण्ड्री का निर्माण पूर्ण करने का निर्देश दिया गया था,जिस पर श्रीमान के निर्देशानुसार प्रार्थी के द्वारा अपनी उपरोक्त आराजी में बाउण्ड्री वाल का निर्माण करा लिया गया था।किन्तु तभी पदस्थ अनुविभागीय अधिकारी का स्थानान्तरण हो गया व दूसरे अनुविभागीय अधिकारी पदस्थ हो गये,जो पुनः 2 स्थगन आदेश जारी कर दिये व पुनः दल गठित कर सीमांकन कराये जाने हेतु आदेशित किया गया है।



पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में पुलिस द्वारा लगातार एक के बाद एक की जा रही बड़ी कार्यवाहियाँ

# अवैध मादक पदार्थ (गाँजा) को बिक्री के लिये उड़ीसा से परिवहन कर लाने वाले 3 आरोपियों को पन्ना पुलिस ने किया गिरफ्तार

**पन्ना।** पुलिस मुख्यालय भोपाल के आदेशानुसार प्रदेश स्तर में चलाये जा रहे नशामुक्ति अभियान के तहत पुलिस महानिरीक्षक सागर जोन सागर श्री प्रमोद कुमार, उप पुलिस महानिरीक्षक छतरपुर रेन्ज छतरपुर श्री ललित शाक्यवार एवं पुलिस अधीक्षक पन्ना श्री साईं कृष्णा एस. थोटा द्वारा पन्ना जिले में मादक पदार्थ की खेती, भण्डारण, परिवहन एवं बिक्री करने वाले व्यक्तियों के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही किये जाने हेतु एक विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती आरती सिंह एवं पन्ना जिले के समस्त अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) के मार्गदर्शन में जिले के समस्त थाना प्रभारियों/ चौकी प्रभारियों के नेतृत्व में थाना स्तर पर पुलिस टीमों का गठन किया गया है। अभियान के अंतर्गत पन्ना पुलिस द्वारा पूर्व में भी समय समय पर मादक पदार्थ (गाँजा) की खेती, भण्डारण, परिवहन एवं बिक्री करने वाले व्यक्तियों के विरूद्ध कार्यवाहियाँ की गई है। पुलिस अधीक्षक पन्ना द्वारा जिला स्तर पर पुलिस सायबर सेल टीम को भी मादक पदार्थों की कार्यवाहियों में जानकारी एकत्रित किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। साथ ही थाना स्तर पर गठित पुलिस टीमों द्वारा अपने मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया गया। इसी तारतम्य में दिनांक 20/06/24 को थाना प्रभारी शाहनगर निरीक्षक रजनी शुक्ला को पुलिस सायबर सेल पन्ना एवं मुखबिर तंत्र से सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति काले रंग की हीरो स्पेलेण्डर मोटरसाइकिल में किसी अन्य व्यक्तियों से बड़ी मात्रा में मादक पदार्थ (गाँजा) लेने के उद्देश्य से पुरैना तिराहा पर खड़ा इंतजार कर रहा है। थाना प्रभारी शाहनगर द्वारा तत्काल उक्त सूचना की जानकारी वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को दी गइ।



वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के निर्देशानुसार थाना शाहनगर में गठित पुलिस टीम द्वारा पुलिस सायबर सेल से मिली जानकारी एवं मुखबिर सूचना के आधार पर पुरैना तिराहा पहुँचकर देखा गया। मौके पर एक व्यक्ति काले रंग की हीरो स्पेलेण्डर लिये खड़ा दिखा। कुछ समय पुलिस टीम द्वारा पुरैना तिराहा में इंतजार करने के पश्चात देखा गया कि कटनी तरफ से एक आटो से 02 व्यक्ति एक-एक थैला लिये उतरे और मोटरसाइकिल चालक के पास पहुँचकर उससे बातचीत करने के बाद मोटर साइकिल में सवार होकर शाहनगर तरफ आने लगे पुलिस टीम द्वारा उक्त तीनो संदेहियों को घेराबंदी कर रोका जाकर पुलिस अभिरक्षा में लिया गया। पुलिस टीम द्वारा पूँछताछ किये जाने पर उक्त संदेहियों द्वारा अपना अपना नाम पता पुलिस टीम को बताया गया। पुलिस द्वारा संदेहियों के थैलो की तलाशी लिये जाने पर एक थैला में 10 किलो एवं दूसरे थैला में 9.5 किलो मादक पदार्थ (गाँजा) कुल 19.5 किलो मादक (गाँजा) पाया गया। पुलिस टीम द्वारा संदेहियों से गाँजा के संबंध में पूंछताछ किये जाने पर उक्त संदेहियों द्वारा बताया गया कि हम लोगो के द्वारा उक्त मादक पदार्थ बिक्री करने के उद्देश्य से उड़ीसा तरफ से लाया गया है। पुलिस टीम द्वारा आरोपियों के कब्जे से कुल 19.5 किलो गाँजा कीमती करीब 03 लाख 90 हजार रूपये एवं परिवहन में प्रयुक्त स्पेलेण्डर मोटर साईकिल बिना नम्बर की कीमती करीब 70 हजार रूपये कुल मशरूका कीमती करीब 4 लाख 60 हजार रूपये का जप्त किया गया। मामले में पुलिस द्वारा तीनो आरोपियों को गिरफ्तार किया जाकर आरोपियों के विरूद्ध थाना शाहनगर में अप.क्र. 194/24 धारा 8/20 एन.डी.पी.एस. एक्ट का कायम किया जाकर विवेचना में लिया गया है।

**गिरफ्तार आरोपी** - 1. देवकरन पिता अच्छेलाल पटेल उम्र 30 वर्ष निवासी टपरियन बमीठा जिला - छतरपुर 2. हरिश्चन्द्र पिता रामप्यारे पटेल उम्र 20 वर्ष निवासी खैरी थाना बमीठा जिला - छतरपुर 3. दिनेश पिता रामलखन पटेल उम्र 21 वर्ष निवासी कूड़न थाना बमीठा जिला - छतरपुर

**जप्त सामग्री** - पुलिस टीम द्वारा आरोपियों के कब्जे से कुल 19.5 किलो गाँजा कीमती करीब 03 लाख 90 हजार रूपये एवं परिवहन में प्रयुक्त स्पेलेण्डर मोटर साइकिल बिना नम्बर की कीमती करीब 70 हजार रूपये कुल मशरूका कीमती करीब 4 लाख 60 हजार रूपये का जप्त किया गया है।

**सराहनीय योगदान** - उक्त संपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी शाहनगर निरीक्षक रजनी शुक्ला, पुलिस सायबर सेल प्रभारी उनि अनिल सिंह राजपूत, उनि संतोष मसराम, सउनि अवधराज उइके, भैयामन सिंह, पुलिस सायबर सेल टीम से प्र.आर. राहुल सिंह बघेल, आशीष अवस्थी, आर. धर्मेन्द्र सिंह राजावत, राहुल पाण्डेय एवं थाना शाहनगर पुलिस टीम से प्र.आर. ईदुल बक्श, आर. दिनेश यादव, रविन्द्र कुमार, राकेश, विनोद डाबर का सराहनीय योगदान रहा। पुलिस अधीक्षक पन्ना द्वारा उक्त पुलिस टीम को 10 हजार रूपये के ईनाम से पुरुस्कृत किये जाने की घोषणा की गई है।

## खबर संक्षेप

### योग दिवस पर सीता बहन को गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया



**पन्ना।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर पन्ना के श्री जुगल किशोर मंदिर प्रागणांतर्गत 21.06.2024 को प्रातः कालीन बेला में योग दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष तथा खजुराहो सांसद विष्णु दत्त शर्मा, पूर्व मंत्री व विधायक बृजेंद्र प्रताप सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मीना राजे ने योग कर स्वस्थ्य रहने का संदेश दिया। इस अवसर पर परमपिता परमेश्वर ब्रम्हाकुमारी आश्रम पन्ना की संचालिका सीता बहन भी सम्मिलित हुईं। शिक्षा विभाग डी.ई.ओ. सूर्यभूषण मिश्रा ने सीता बहन को गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया।

### कॉलेज के लिए निकली नवविवाहिता की संदिग्ध मौत



**पन्ना।** जिले के अजयगढ़ थाना अंतर्गत ग्राम गड़रपुर निवासी भवानीदीन पाल की 20 वर्षीय पुत्री प्रभा पाल की संदिग्ध परिस्थितियों मौत हो गई है। घटना के संबंध में भवानीदीन ने बताया कि प्रभा का विवाह 2 माह पूर्व ग्राम भभुआ जिला छतरपुर निवासी शिवपाल पाल के साथ हुआ था। 20 जून को प्रभा अपने मायके से पन्ना कॉलेज जाने के निकली जिसके बाद फोन करने पर उसने दिन भर फोन नहीं उठाया, रात में 8 बजे फिर फोन करने पर लखन साहू ने फोन उठाया, प्रभा के बारे में पूछने पर बताया कि वह अजयगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती है। भवानीदीन ने आगे बताया कि जब मैं वहां पहुंचा तो लखन साहू नहीं मिला, बेटी की हालत गंभीर थी, उसके मुंह से झाग निकल रहा था जिसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतका के बैग में चूहा मारने वाली दवा के खाली पाउच मिले हैं। मृतका के पिता ने लखन साहू पर आत्महत्या के लिए प्रेरित करने के आरोप लगाए हैं। पुलिस एवं नायब तहसीलदार डीआर अहिरवार ने मृतिका के परिजनों के बयान लेकर पंचनामा पोस्टमार्टम उपरांत अंतिम संस्कार के लिए शव परिजनों को सौंप दिया है एवं मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### शाला खमखेरा में भविष्य से भेट कार्यक्रम का आयोजन

**दमोह।** एकीकृत नवीन माध्यमिक शाला खमखेरा में भविष्य से भेट कार्यक्रम में उपस्थित गणमान्य नागरिकों द्वारा अपने अपने विचार व्यक्त किए एवं ब्रजेश ब्रज द्वारा गिटार बादन से सभी प्रकार के गीत एवं भजन बुदेली भाषा में सुनाएं गए जो सभी बच्चों एवं अभिभावकों को अच्छे लगें इसके बाद सभी बच्चों को स्वल्पाहार एवं टॉफी वितरण भी की गई। इसके बाद कार्यक्रम का समापन किया गया। जिसमें कार्यक्रम में सभी गणमान्य व्यक्ति एवं शाला के सभी बच्चों उपस्थित रहें। अरूण टंडन, धर्मेन्द्र चोबे एडवोकेट, वरिष्ठ शिक्षक अजय कुमार नामदेव, नारायण प्रसाद अहिरवार, प्रियंका सोनी, जया मेडम, शिल्पी यादव आंगनवाड़ी कार्यकर्ता अन्य सभी की उपस्थिती रहीं।

## प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेन्स छत्रसाल अग्रणी स्नातकोत्तर महाविद्यालय में मनाया गया दसवां अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस

**पन्ना।** दसवॉं अन्त्राॅष्ट्रीसय योग दिवस का आयोजन शासन से प्राप्ते निर्देशानुसार क्रीडा विभाग द्वारा प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेन्सॉ छत्रसाल शासकीय अग्रणी स्नातकोत्तर महाविद्यालय पन्ना् के मुख्ये भवन में प्रातरू 6 बजे से किया गया। कार्यक्रम की अध्यिक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एस.पी.एस. परमार द्वारा की गई एवं योगाभ्या्स डॉ. नन्दत कुमार पटेल सहायक प्राध्यापपक भौतिक विभाग के द्वारा किया गया। कार्यक्रम के शुभांरभ अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एस.पी.एस. परमार द्वारा योग विषय पर विस्तायर पूर्वक व्याअख्या्न दिया एवं वर्तमान जीवन में योग की उपयोगिता के बारे में चर्चा करते हुए योगाभ्यारूस एवं प्राणायाम के द्वारा वर्तमान समय में व्यावप्तक समस्योयें जैसे मोटापा, अनियत्रिंत रक्तवचाप, मधुमेह तानव, चिन्ताा इत्यायदि को कैसे दूर किया जा सकता है इस संबंध में भी अपने विचार प्रस्तुात किये। तत्पतश्चा्त सभी सदस्योंर द्वारा योग के विभिन्नप असानों एवं प्राणायाम का अभ्योस किया गया इस अवसर पर प्रशासनिक अधिकारी डॉ. पी.पी. मिश्रा, डॉ. जे.के.वर्मा, डॉ. शिवगोपाल सिंह, डॉ. मनोज कुमार एन.एस.एस. अधिकारी, डॉ. पुष्कनर कुमार सिंह, डॉ. राममोहन तिवारी, डॉ. गुलाब धर, डॉ. अंकिता सोनी, डॉ. सतीश त्रिपाठी, डॉ. आनंद चौरसिया, डॉ. पुष्प राज चौरसिया, कार्यालयीन स्टॉफि जगदीश बाल्मी,क, मनोज कुमार गौड, वीरेन्द्रौ खटीक, रावेश कुमार, विजय रैकवार एवं 60 से अधिक एन.सी.सी./एन.एस.एस./क्रीडा विभाग के छात्र/छात्रायें कार्यक्रम में उपस्थित रहें। कार्यक्रम का संचालन महाविद्यालय के क्रीडा अधिकारी धर्मेन्् यादव द्वारा किया गया।







## महारानी लक्ष्मी बाई की पुण्यतिथि पर मातृ-शक्ति एवं दुर्गावाहिनी की बहनों ने संयुक्त रूप से आयोजित किया कार्यक्रम

**पन्ना।** भारतीय वंशुधरा को गौरान्वित करने वाली स्वतंत्रता संग्राम की प्रथम महिला नायिका, 1857 की क्रान्तिकारी महारानी लक्ष्मीबाई के बलिदान दिवस पर उन्हें पूरी श्रद्धा के साथ स्मरण कर शत-शत नमन किया। इस दिशा में उनके बलिदान दिवस 18 जून, 2024 को स्थान बड़ा बजार में विश्व हिन्दू परिषद् की और मातृ-शक्ति तथा दुर्गावाहिनी द्वारा झांसी की रानी लक्ष्मीबाई के बलिदान दिवस पर उनकी स्मृति को अक्षुण्य बनाये रखने के तारतम्य में कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें सत्संग प्रमुख दीदी मालती रैकवार, नगर पालिका परिषद पन्ना की उपाध्यक्ष श्रीमती आशा गुप्ता, विहिप जिला संयोजिका श्रीमती कल्पना चौहान सहित स्वाती चौबे, वैशाली लखेरा, अम्रता खरे, सुमन शर्मा, संगीता अग्रवाल, माया रैकवार, वर्षा सिंह बुन्देला, श्वेता गुप्ता, सविता चौबे, आरती शर्मा, रश्मि त्रिपाठी, आकांक्षा राय सहित समस्त मातृ-शक्ति एवं दुर्गावाहिनी की जागरूक महिलाओं ने रानी लक्ष्मी बाई के छाया चित्र पर मार्ल्यापण कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किये। इस अवसर पर नपा उपाध्यक्ष पन्ना श्रीमती आशा गुप्ता ने कहा कि रानी लक्ष्मी बाई, दुर्गावती, अवन्ती बाई, झलकारी बाई सहित शौर्य की प्रतीक कई वीरांगनाओं ने जुल्मों-सितम के खिलाफ बिगुल बजाकर दुश्मनों के छक्के छुड़ा दिये और स्वतंत्रता प्राप्त करने के लिए अपने प्राणों तक को बलिदान कर दिया। श्रीमती कल्पना चौहान ने कहा कि नारी शक्ति से जिस किसी ने टकराने की जुर्रत की उनका नामों-निशां मिट गया। दीदी मालती रैकवार ने आव्हान किया कि महिलाओं पर अत्याचार होता है, उनका शोषण होता है या उनकी कोई भी समस्या है तो सभी जागरूक महिलाओं को उनकी मदद करने का आज दृढ़-संकल्प लेना होगा तभी वीरांगनाओं के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। अंत में सभी का आभार अम्रता खरे ने व्यक्त किया।



## बच्चे को डरा धमकाकर सोने चांदी के गहने हड़पे फरियादी ने थाना देवेन्द्रनगर में की रिपोर्ट

**देवेन्द्रनगर।** फरियादी स्वतंत्र प्रसाद प्रजापति पिता मोहनलाल प्रजापति उम्र 46 साल निवासी ग्राम बडवारा थाना देवेन्द्रनगर का थाना उपस्थित आकर एक लिखित आवेदन पत्र इस आशय कि दिया कि अनावेदक अंकुश उर्फ मंजा नायक एवं मनीष सेन निवासियान ग्राम बडवारा के द्वारा मेरे नाबालिग लड़के अंकित उर्फ कुनाल प्रजापति को डरा धमकाकर मृत्यु के भय में डालकर घर में रखे सोने चाँदी के गहने कीमती 706000/- रूपये के ले लिए है रिपोर्ट पर अपराध धारा 386, 506, 34 भादवि का घटित करना पाये जाने पर अपराध सदर सदर का पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया। नकल आवेदन पत्र अनुसार अंकुश उर्फ मंजा नायक एवं मनीष सेन निवासियान ग्राम बडवारा द्वारा मेरे नाबालिग लडके अंकित उर्फ कुनाल प्रजापति को डरा धमकाकर मृत्यु के भय मे डालकर घर मे रखे सोने चाँदी के गहने हड़प लिये। स्वतंत्र प्रसाद प्रजापति पिता श्री मोहनलाल प्रजापति उम्र 46 साल निवासी ग्राम बडवारा थाना देवेन्द्रनगर का रहने वाले हैं तथा ग्राम बमुरहिया में माध्यमिक शिक्षक के पद पर पदस्थ हैं, मेरे पिता जी भी फूड कार्पोरेशन आफ इंडिया मे नौकरी करते थे जो वर्तमान मे सेवानिवृत होकर घर मे रहते है। दो लडके है बडा लडका अंकित उर्फ कुनाल प्रजापति है दूसरा आदित्य प्रजापति है अंकित उर्फ कुनाल प्रजापति 15 साल का है जो कक्षा 9वी में रैनबो पब्लिक स्कूल में पढता है दिनांक 16.06.2024 को मुझे लडका अंकित ने बताया कि करीब एक साल से गाँव के अंकुश उर्फ मंजा नायक व मनीष सेन मुझे डरा धमका कर कहते है कि तुझे तेरे भाई व तेरे पिता को जान से खत्म कर देंगे नहीं तो अपने घर में रखे गहने लाकर हमे दे। मैं डर के कारण पिछले वर्ष मई 2023 से लेकर अभी जून 2024 तक मनीष सेन एवं अंकुश उर्फ मंजा नायक को कई बार मे घर के अन्दर बक्से में रखे बैग से सोने चादी के जेवरात निकाल कर दिये है तब मैंने व मेरी पत्नी ने जेवरात का बैग निकाल कर देखा तो एक जोडी झुमका सोने का बजनी 7.66 ग्राम, एक जोडी सोने का ब्रेसलेट बजनी 16.200 ग्राम, एक सोने की चौन बजनी 19.950 ग्राम, एक सोने की बिन्दिया बजनी 4.340 ग्राम, एक सोने का मंगलसूत्र बजनी 3 तोला 310 ग्राम एक अदद सोने की मोहर बजनी 10 ग्राम, एक चादी का सिक्का बजनी 10 ग्राम, एक चादी का सिक्का बजनी 100 ग्राम, एक सोने की अगूठी बजनी करीब 5 ग्राम की नही था कुल बजनी सोने के गहने 9 तोला 960 ग्राम कीमती करीब सात लाख रूपये एवं चादी के सिक्के बजनी 110 ग्राम कीमती करीब 6000/- रूपये के मेरे नावालिग लडके अंकित प्रजापति को मृत्यु के भय मे डालकर मनीष सेन एवं अंकुश उर्फ मंजा नायक निवासी बडवारा के ले लिए है। 16.06.2024 से आज दिनांक तक मनीष सेन व अंकुश नायक के घर जाकर अपने सोने चादी के गहने वापस करने के लिए कहता रहा जो दोनों गहने देने से मना कर रहे है व मुझे व मेरे परिवार को जान से मारने की धमकी दे रहे है। पीडित ने मांग की है कि अनावेदकगण मनीष सेन एवं अंकुश उर्फ मंजा नायक निवासी बडवारा से मेरे सोने चादी के गहने वापस दिलाये जाकर अनावेदकगणो के विरुद्ध कानूनी कार्यवाही करने की कृपा की जाए।

## पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय पन्ना में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन





**पन्ना।** दसवां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन केंद्रीय विद्यालय पन्ना में शिक्षकों एवं विद्यार्थियों द्वारा प्रातः 8:00 बजे से बड़े उत्साह एवं ऊर्जा के साथ मनाया गया। योग शिक्षक देवेंद्र अवस्थी आयुष मंत्रालय प्रोटोकॉल के अंतर्गत योग में प्रार्थना चालन क्रिया में आसन, प्राणायाम एवं ध्यान का विधिवत अभ्यास कराया गया। मंडूक आसन, वृक्षासान ,भुजंगासन, त्रिकोण आसन, सेतुबंध आसन तथा मंत्रोच्चार के साथ सूर्य नमस्कार के 12 आसन कराए गए। योग शिक्षक ने बताया कि इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की थीम श्स्वयं और समाज के लिए योगश है।योग इस प्राचीन अभ्यास के सार को पूरी तरह से दर्शाता है। योग केवल व्यक्तिगत कल्याण के बारे में नहीं है; अपितु आंतरिक और बाह्य दुनिया के बीच संबंध को बढ़ावा देता है।योग को एक संतुलनकारी क्रिया के रूप में कल्पना करें, जो मन और शरीर में सामंजस्य स्थापित करती है, विचार को क्रिया के साथ जोड़ती है, तथा अनुशासन को व्यक्तिगत पूर्णता के साथ जोड़ती है। शारीरिक, मानसिक, आध्यात्मिक और आत्मिक पहलुओं को एकीकृत करके, योग स्वास्थ्य और कल्याण के लिए एक समग्र मार्ग प्रदान करता है, जो हमारे तेज-रफ्तार जीवन में शांति का एक अत्यंत आवश्यक स्त्रोत है। विद्यालय के प्राचार्य अमित दाहिया द्वारा विद्यार्थियों को योग के प्रति जागरूक करते हुए बताया कि योग से न केवल व्यक्ति का तनाव दूर होता है बल्कि मन और मस्तिष्क को भी शांति मिलती है योग बहुत ही लाभकारी है, योग न केवल हमारे दिमाग, मस्तिष्क को ही ताकत पहुंचाता है बल्कि हमारी आत्मा को भी शुद्ध करता है।

## फिर चमकी गरीब किसान की किस्मत, खदान में मिला चमचमाता 6.65 कैरेट का हीरा, करीब 7 लाख आंकी जा रही है कीमत



**पन्ना।** पन्ना देश दुनिया में बेशकीमती हीरों के लिए विख्यात है। कहते है कि यहां की धारा किसी को भी रंक से राजा बना देती है। कुछ ऐसा ही मामला आज देखने को मिला जहां एक गरीब आदिवासी किसान की किस्मत चमक उठी। किसान को खदान में आज 7 लाख का हीरा मिला। जिससे किसान और उसकी पत्नी खुशी के मारे झूम उठी। पन्ना में एक गरीब किसान देशराज आदिवासी की किस्मत उस वक्त चमक उठी जब उसे खदान क्षेत्र पटी में एक चमचमाता हुआ 6 कैरेट 65 सेंट का हीरा मिला। जिसे देख किसान व उसकी पत्नी की खुशी के मारे झूम उठे। किसान देशराज आदिवासी निवासी गौरेया ककररहटी ने उक्त हीरे को हीरा कार्यालय में जमा कर दिया है। जिसे आगामी हीरा नीलामी में रखा जाएगा। वही इस पूरे मामले में हीरा कार्यालय में पदस्थ हीरा पारखी अनुपम सिंह का कहना है कि, पेशे से किसान देशराज आदिवासी ने हीरा कार्यालय से पट्टा बनवाकर पटी क्षेत्र में हीरे की खदान लगाई थी। जिन्हे कुछ दिन पूर्व 1 कैरेट 35 सेंट का हीरा मिला था। जो उन्होंने हीरा कार्यालय में जमा किया था और आज फिर उन्हें 6 कैरेट 65 सेंट का हीरा मिला है जिसे हीरा कार्यालय में जमा किया गया है। इसे अब आगामी नीलामी में रखा जाएगा।

### योग कर स्वस्थ्य रहने का दिया संदेश






**पन्ना।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष तथा खजुराहो सांसद विष्णु दत्त शर्मा ने पन्ना के श्री जुगल किशोर मंदिर प्रागणांतर्गत 21.06.2024 को प्रातः कालीन बेला में योग कर स्वस्थ्य रहने का संदेश दिया। इस अवसर पर पूर्व मंत्री व विधायक बृजेंद्र प्रताप सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मीना राजे, नपा उपाध्यक्ष श्रीमती आशा गुप्ता, विनोद तिवारी, रामऔतार पाठक, विष्णु पाण्डेय, विहिप संयोजिका श्रीमती कल्पना चौहान, पार्षद संगीता राय, रूप नगायच, सविता चौबे, मनीषा गोस्वामी, दुर्गा वाहिनी जिला संयोजिका स्वाती चौबे, भाजपा जिला मीडिया प्रभारी दुर्गेश शिवहरे, राजकुमार वर्मा, मृगेन्द्र गहरवार सहित अन्य पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

योगाचार्यों ने कराया जल योग, ग्रामीण क्षेत्रों में भी दी गई योग की शिक्षा

# अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस पर जिलेभर में हुए योग कार्यक्रम

छतरपुर

21 जून 2024 को 10वें अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस पर जिलेभर में योग कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। साथ ही नागरिकों ने उत्साह से योग किया और योग को नियमित अपनी दिनचर्या में जोड़ने की शपथ ली। केन्द्रीय संचार ब्यूरो क्षेत्रीय कार्यालय छतरपुर के तत्वाधान में राजनगर के ग्राम लखरावन में ग्रामीण बच्चों ने स्वयं एवं समाज के लिए योग की थीम पर योगाभ्यास किया। योग से जीवन में होने वाले लाभ योग के विभिन्न आयामों के साथ ही स्वच्छता के बारे में जनमानस को जानकारियां प्रदान की गई। विश्व पर्यटन नगरी खजुराहो में 10वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर पश्चिमी मंदिर समूह कंदारिया महादेव मंदिर प्रांगण में बृहद योगा कार्यक्रम वन एवं पर्यावरण राज्य मंत्री दिलीप अहिरवार के मुख्यातिथ्य में सम्पन्न हुआ। योगाभ्यास में लगभग 1500 से अधिक लोग शामिल हुए। इस दौरान श्रीअन्न संवर्धन अभियान का भी शुभारंभ हुआ। साथ ही वर्चुअली देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के उद्बोधन को सुना गया। वहीं मुख्यमंत्री निवास, भोपाल में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के आतिथ्य में आयोजित राज्य स्तरीय योगाभ्यास के कार्यक्रम का सीधा प्रसारण दिखाया गया। खजुराहो में योगाभ्यास के पूर्व वन एवं पर्यावरण राज्य मंत्री दिलीप अहिरवार ने अपना उद्बोधन देते हुए योग को अपने जीवन का हिस्सा बनाने का संदेश दिया।




कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष विद्या अग्निहोत्री, राजनगर विधायक अरविंद पटैरिया, नगरपालिका अध्यक्ष छतरपुर ज्योति चौरसिया, नगर परिषद खजुराहो अध्यक्ष अरुण अवस्थी, भाजपा जिलाध्यक्ष चंद्रभान सिंह गौतम उपस्थित थे। प्रशासनिक अधिकारियों में कलेक्टर संदीप जी. आर., जिला पंचायत सीईओ तपस्या परिहार, एसपी अगम जैन, एडीएम मिलिंद नागदेवे सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी-कर्मचारी शामिल हुए।

# हत्या का प्रयास किए जाने के मामले में 2 गिरफ्तार



**छतरपुर।** करीब 5 दिन पूर्व सिविल लाइन थाना क्षेत्र के ग्राम बगौता में जमीनी विवाद के चलते दो परिवारों के बीच हुए खूनी संघर्ष में दोनों पक्षों ने मामला दर्ज कराया था। शुक्रवार को पुलिस ने एक पक्ष द्वारा दर्ज कराए गए हत्या का प्रयास के मामले में दूसरे पक्ष के दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजने की कार्रवाई की है। सिविल लाइन थाना प्रभारी वाल्मीकि चौबे ने बताया कि गत 16 जून को ग्राम बगौता में जमीनी विवाद के चलते रैकवार और कुशवाहा परिवार के बीच खूनी संघर्ष हुआ था। इस मामले में दोनों पक्षों द्वारा थाने में शिकायतें दर्ज कराई गई थीं। रैकवार समाज द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत के आधार पर कुशवाहा परिवार के 7 सदस्यों पर धारा 307 के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया था, जिनमें से दो आरोपी राजेश कुशवाहा और संदीप कुशवाहा को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। प्रकरण के शेष आरोपियों की तलाश अभी जारी है।

# महर्षि विद्या मंदिर के 5 सैकड़ा बच्चों ने किया योगाभ्यास



**छतरपुर।** जिला मुख्यालय के देरी रोड पर स्थित महर्षि विद्या मंदिर में द्वतीय अपर सत्र न्यायाधीश हिमांशु मिश्रा एवं जिला विधिक सहायता अधिकारी हेमंत कुशवाहा की उपस्थिति में विद्यालय के योग प्रशिक्षक प्रमोद दुबे द्वारा 5 सैकड़ा से अधिक विद्यार्थियों को योगाभ्यास कराया गया। इस अवसर जिला न्यायाधीश हिमांशु मिश्रा ने कहा कि अगर शरीर स्वस्थ्य रहेगा तो हम जीवन के समस्त कार्यो को भलीभांति कर पाएंगे और इसका एकमात्र समाधान जीवन मे योग को अपनी दिनचर्या में अपनाना है। वहीं जिला विधिक सहायता अधिकारी हेमंत कुशवाहा ने योग को अपनाने के साथ-साथ फ़ास्ट फ़ूड का त्याग करने और जीवन को स्वस्थ बनाने का संदेश छात्रों को दिया। विद्यालय के प्राचार्य सी के शर्मा ने कहा कि हमारा लक्ष्य 100 साल तक जीने और स्वस्थ जीने का होना चाहिए और यह योग, ध्यान एवं सात्विक भोजन से ही संभव है।

## एनसीएल ने डीजीएमएस के साथ मिलकर 'वृहद् मशीनों के 'सुरक्षित परिचालन और रखरखाव पर आयोजित किया राष्ट्रीय सेमिनार



शुक्रवार को भारत सरकार की मिनीरत्न कंपनी नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल) ने खान सुरक्षा महानिदेशालय(डीजीएमएस) के साथ मिलकर ओपनकास्ट खदानों में 'वृहद् मशीनों के 'सुरक्षित परिचालन और रखरखाव की सर्वश्रेष्ठ प्रथाओं पर एक दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार का भव्य आयोजन किया।सेमिनार का उदघाटन श्री एस.डी. चिद्दरवार, उप. महानिदेशक (खान सुरक्षा), उत्तरी क्षेत्र ने बतौर मुख्य अतिथि किया। इस अवसर पर श्री चिद्दरवार ने एनसीएल को विशिष्ट उपलब्धियों के लिए बधाई दी व सेमिनार को संबोधित करते हुए कहा कि सिंगरौली परिक्षेत्र की सभी खुली खदानें मशीनीकृत हैं। उन्होने तथ्यात्मक विश्लेषण करते हुए खदानों में परिवहन से जुड़ी मशीनों के सुरक्षित संचालन को खदान सुरक्षा के दृष्टिगत अहम बताया। साथ ही उन्होंने मशीन संचालन व रख रखाव से जुड़े कर्मियों के सतत प्रशिक्षण हेतु भी आह्वान किया। उन्होने इस सेमिनार के परिचर्चा व निष्कर्षों को सिंगरौली परिक्षेत्र की खदानों मे नियोजित मशीनों के सुरक्षित परिचालन के लिए महत्वपूर्ण बताया। इस अवसर पर सेमिनार की अध्यक्षता कर रहे एनसीएल के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक श्री बी. साईराम ने मशीनीकरण को एनसीएल की शान बताते हुए मशीनों की सुरक्षा पर केन्द्रित विषय वस्तु के आलोक में इस सेमिनार को 'मेकेनिकल सेमिनार' की संज्ञा दी। उन्होने कोल इंडिया में एनसीएल की भागीदारी को रेखांकित करते हुए कहा कि एनसीएल कोल इंडिया की 6 प्रतिशत श्रम शक्ति के साथ 18% कोयला उत्पादन व 26% अधिभार हटाती है। उन्होने बताया कि एनसीएल द्वारा कुल प्रेषित कोयले का 84% हिस्सा हरित विधियों से भेजा जा रहा है। साथ ही कहा कि वर्ष 2026 तक महत्वकांक्षी एफ़एमसी परियोजनों के बल पर एनसीएल 95% कोयला हरित विधियों से भेजेगी। अपने उदबोधन में उन्होंने मशीनों के सुरक्षित संचालन के लिए अनुशासन को महत्वपूर्ण बताया व सुरक्षित प्रथाओं को आदत की तरह आत्मसात करने हेतु आह्वान किया। उन्होने नियमित प्रशिक्षण, श्रमशक्ति का कौशल विकास, सुरक्षा नियमावलियों के प्रति जागरूकता व सतत निरीक्षण को सुरक्षित कार्य संस्कृति के लिए अनिवार्य बताया। सेमिनार में निदेशक (कार्मिक) श्री मनीष कुमार, निदेशक (वित्त) श्री रजनीश नारायण, निदेशक (तकनीकी/संचालन) श्री जितेंद्र मालिक, निदेशक (तकनीकी/योजना एवं परियोजना) श्री सुनील प्रसाद सिंह, सीवीओ एनसीएल श्री रविंद्र प्रसाद, खान सुरक्षा महानिदेशालय (डीजीएमएस) के वरिष्ठ अधिकारीगण, एनसीएल के महाप्रबंधकगण/विभागाध्यक्ष , एनसीएल के जेसीसी सदस्य, सुरक्षा बोर्ड के सदस्य एवं अन्य गणमान्य भी उपस्थित रहे।सेमिनार में एनसीएल सहित कोल इंडिया की विभिन्न अनुषंगी कंपनियों, सासन पावर, जेपी, एपीएमडीसी, ओईएम, आउटसोर्सिंग कंपनियाँ, खनन क्षेत्र से जुड़े विभिन्न प्रतिष्ठानों के 180 से अधिक प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

# योगाचार्यों ने किया जल योगा



**छतरपुर।** जिला मुख्यालय के प्रताप सागर तालाब में शहर के वरिष्ठ योगाचार्य सुभत जैन और पंचवटी योगाश्रम के योगी गिरीश की मौजूदगी में लोगों ने जलयोगा किया। जलयोगा कराने के बाद योगाचार्यों ने उपस्थित लोगों को योग का महत्व बताया और कहा कि स्वस्थ रहने के लिए योग करना अतिआवश्यक है। वरिष्ठ योगाचार्य सुभत जैन ने बताया कि वे पिछले 5 दशक से देश भर में कार्यक्रम आयोजित कर लोगों को योग के प्रति जागरुक कर रहे हैं। वहीं पंचवटी योगाश्रम के योगी गिरीश ने जलयोगा के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आज प्रताप सागर तालाब में पद्मासन, तालासन, मद्रासन और मत्स्यासन किया गया, जिसके बहुत सारे लाभ हैं। उन्होंने बताया कि इन योगक्रियाओं से हमारा शरीर पत्ति प्रकोप सहित विभिन्न बीमारियों से मुक्त होता है, साथ ही इससे शरीर की गर्मी नष्ट होती है और हमारा मस्तिष्क ठंडा रहता है। इस अवसर पर प्रताप नवयुवक संघ के प्रदीप सेन, जन अभियान परिषद के सदस्य मौजूद रहे।

# हरपालपुर के कृषि उपज मंडी पहुंच मार्ग का 1 करोड़ की लागत से चल रहा सीसी सड़क निर्माण कार्य



**नौगांव।** हरपालपुर में लहचूरा रोड पर स्थित कृषि उपज मंडी पहुंच मार्ग के एक करोड़ की लागत से चल रहे सीसी सड़क निर्माण के गुणवत्ताहीन सड़क को लेकर मीडिया ने "छह माह पहले बनी हरपालपुर कृषि उपज मंडी के सड़क में आईं दरारें, निकलने लगी गिट्टियां" समाचार प्रकाशित किया था, जिसके बाद कृषि उपज मंडी बोर्ड के एसडीओ ने क्षतिग्रस्त सड़क का निरीक्षण कर ठेकेदार को फटकार लगाते हुए क्षतिग्रस्त सड़क को दुरुस्त करने के निर्देश दिए।

हरपालपुर में एक करोड़ की लागत लहचूरा रोड पर स्थित हरपालपुर कृषि उपज मंडी में रेल्वे फाटक से मंडी तक सीसी रोड के संबंध में बीते सप्ताह मीडिया ने "छह माह पहले बनी हरपालपुर कृषि उपज मंडी के सड़क में आईं दरारें, निकलने लगी गिट्टियां" समाचार प्रकाशित किया था, जिसके बाद कृषि उपज मंडी बोर्ड ने खबर का संज्ञान लेते हुए मंडी बोर्ड के एसडीओ हरीशंकर मिश्रा ने सीसी रोड़ का सघन परीक्षण किया। मौके पर सड़क निर्माण ठेकेदार के प्रतिनिधि को जमकर फटकार लगाई। सड़क निर्माण में गुणवत्ता का ध्यान रखने के निर्देश दिए। एसडीओ मिश्रा ने बताया की निर्माण कार्य के दौरान मिक्सर मशीन के खराब होने व उसी स्थिति में छोडने व उसी स्थिति में जॉइन्ट बनाने से मानवीय भूल के कारण एक जगह हेयर केक पाया गया। जिसे तकनीकी रूप से सुधार किया जाएगा। फिलहाल रोड कार्य में अन्य कोई त्रुटि नहीं पाई गई है, साथ ही उपस्थित ठेकेदार प्रतिनिधि को कड़ी फटकार लगाते हुये भविष्य में गुणवत्ता सुनिश्चित रखने व भविष्य में किसी भी प्रकार निर्माण में गलती न करने के निर्देश दिये। एसडीओ मिश्रा द्वारा आश्वाशन दिया गया की निर्माण कार्य मे कोई लापरवाही कमी नहीं बरती जाएगी, ठेकेदार द्वारा कोई लापरवाही या घटिया सामग्री का उपयोग कर सड़क निर्माण किया जाता है तो संबंधित ठेकेदार के खिलाफ कड़ी कार्रवाई विभाग की ओर से की जाएगी।

# ब्रह्माकुमारीज़ द्वारा अनूठे अंदाज में मनाया गया 10वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस



**छतरपुर।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय किशोर सागर छतरपुर द्वारा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में बगौता स्थित रॉयल गार्डन में बड़े ही रॉयल अंदाज में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में बीके माधुरी ने वातावरण को शुद्ध बनाने के लिए कॉमेंट्री के माध्यम से गहन राजयोग का अनुभव कराया, जिसमें श्वेत वस्त्रों में कमल आसन पर विराजमान होकर कमल समान बनने की और जीवन को पवित्र बनाने की प्रेरणा देती ब्रह्माकुमारी बहनें एक साथ मंच पर दिखाई दी। इस अवसर पर छतरपुर सेवाकेंद्र प्रभारी बीके शैलजा बहन जी ने योग और राजयोग जो भारत के प्राचीन योग है उनके महत्व को समझाते हुए कहा कि योग के प्रयोग से जीवन में संयम एवं आचरण में संतुलन आता है। योग से मन का दर्पण दमकने लगता है और सारी काया निरोगी बनती है। योग का बल जब जीवन में आता है तो जीवन से अंधकार हटकर नित नई रोशनी का संचार हमारे जीवन में होने लगता है। शारीरिक योग तन को स्वस्थ बनाने के लिए और राजयोग मन को स्वस्थ बनाने के लिए जरूरी है इसलिए दोनों ही योग का हमारे जीवन में बहुत महत्व है। इस कार्यक्रम में योग शिक्षक के रूप में केंद्रीय विद्यालय योगा टीचर प्रियंका चौरसिया, गवर्नमेंट टीचर एवं वेलनेस कोच विजय सिंह गौतम एवं जानकी चौरसिया, शिक्षक पंकज चौबे, खेल विभाग से धीरज चौबे ने अहम भूमिका निभाई।इस अवसर पर पर संपादक एवं समाज सेवी सुरेंद्र अग्रवाल, कॉन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स(कैट) छतरपुर जिला इकाई अध्यक्ष आनंद अग्रवाल, जिला अध्यक्ष मानव अधिकार प्रशासनिक संस्थान नई दिल्ली जिला इकाई छतरपुर प्रकाश चंद्र जैन, ट्रांसपोर्टर एवं वरिष्ठ व्यापारी मुकेश चौरसिया, नौगांव सेवाकेंद्र प्रभारी बीके नंदा, विश्वनाथ सेवाकेंद्र प्रभारी बीके रमा, लवकुश नगर सेवाकेंद्र प्रभारी बीके सुलेखा, बीके रीना बहन, बीके कल्पना, बीके रजनी,बीके कमला बहन, शिल्पा बहन, सुमन, उषा, पूनम, मोहिनी बहन ,लक्ष्मण राजा आवासीय स्कूल के बच्चों सहित लगभग 500 लोगों ने भाग लिया। अंत मे सभी को परमात्म प्रसाद दिया गया । इस कार्यक्रम की पूर्व तैयारी में जमुना प्रसाद खरया, ज्ञानू भाई, पवन, राम, अर्जुन,सूरज, रामपाल भाई एवं अन्य भाइयों ने विशेष सहयोग प्रदान किया।

# बजारिया जहां पैदल चलना था मुश्किल, वहां से निकली एसडीएम की कार

छतरपुर।

गत 16 जून को तहसील कार्यालय में व्यापारियों के साथ बैठक कर जिला प्रशासन द्वारा उन्हें निर्देश दिए गए थे कि 20 जून तक वे स्वतः अपना अतिक्रमण हटा लें अन्यथा प्रशासन सख्ती से अतिक्रमण हटाएगा। इसी चेतावनी के बाद शुक्रवार की सुबह नगर पालिका, यातायात, पुलिस और राजस्व विभाग की संयुक्त टीम ने बस स्टैंड के फब्बारा चौक से महल तिराहा तक अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की। इस दौरान ज्यादातर व्यापारियों द्वारा स्वयं ही अपना सामान समेट लिया था, वहीं कुछ व्यापारियों ने कार्रवाई के दौरान अपने प्रतिष्ठान बंद भी रखे। इसके अलावा जिन दुकानों के बाहर सामान रखकर अतिक्रमण किया गया था, उनका सामान जब्त किया गया और स्थाई अतिक्रमण को तोडऩे की कार्रवाई की गई।





### जहां पैदल चलना था मुश्किल, वहां से



### निकली एसडीएम की कार -

कार्रवाई के दौरान सबसे चौंकाने वाले हालात चौक बाजार स्थित रामगली बजरिया में देखने को मिले। दरअसल रामगली बजरिया शहर का वह स्थान है जहां लोगों को अतिक्रमण के कारण पैदल चलने में भी तकलीफ होती है लेकिन कार्रवाई के दौरान यह पूरा इलाका अतिक्रमण से मुक्त नजर आया, यहां तक कि एसडीएम ने अपनी कार में सवार होकर रामगली बजरिया का भ्रमण किया और उनकी कार को कहीं पर भी निकलने में दिक्कत नहीं हुई। इस दौरान कुछ व्यापारियों के साथ अतिक्रमण हटाने वाली टीम की हल्की नोंक-झोंक भी देखने को मिली। व्यापारियों द्वारा टीम के ऊपर भेदभावपूर्ण कर्रवाई करने के आरोप लगाए जा रहे थे। फब्बारा चौकी से शुरु हुई यह कार्रवाई मऊ दरवाजा, हटवारा, चौक बाजार, बजरिया होते हुए महल तिराहे तक की गई। कार्रवाई में एसडीएम अखिल राठौर, तहसीलदार रंजना यादव, सीएमओ माधुरी शर्मा, यातायात प्रभारी वृहस्पति साकेत, कोतवाली थाना प्रभारी अरविंद कुजूर सहित नगर पालिका, यातायात, पुलिस और राजस्व विभाग का अमला मौजूद रहा।

### कार्रवाई के बाद चंद घंटों में फिर फैला अतिक्रमण -

गौरतलब है कि व्यापारियों को इस कार्रवाई की जानकारी पहले से होने के कारण उनके द्वारा स्वयं ही अतिक्रमण हटा लिया गया था लेकिन जैसे ही कार्रवाई करने वाली टीम यहां से रवाना हुई वैसे ही व्यापारियों ने अपनी-अपनी दुकानों के बाहर फिर से सामान रखकर अतिक्रमण कर लिया। कार्रवाई के चंद घंटों बाद ही बाजार में हालात पहले जैसे नजर आए। जिस रामगली बजरिया में सुबह के समय एसडीएम का चार पहिया वाहन गुजरा था वहीं दोपहर के वक्त एक बार फिर लोगों का पैदल चलना मुश्किल हो गया। व्यापारियों की यह चालाकी दिन भर शहर में चर्चा का विषय बनी रही और लोगों ने अतिक्रमण हटाने की इस मुहिम को प्रतिदिन चलाने तथा ऐसे व्यापारियों को चिन्हित कर उन पर सख्त कार्रवाई करने का सुझाव प्रशासन को दिया।

## एनटीपीसी विंध्याचल में उत्साह के साथ मनाया गया,दसवां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस

**सिंगरौली।** एनटीपीसी विंध्याचल के वीवा क्लब में दसवां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर कार्यकारी निदेशक(विंध्याचल) श्री ई सत्य फणि कुमार की अध्यक्षता में योग कार्यक्रम आयोजित किया गया। योग का अभ्यास प्रतिष्ठित योग गुरु डॉ. आर डी पाण्डेय द्वारा किया गया। इस अवसर पर एनटीपीसी के सभी अधिकारी एवं कर्मचारी के साथ-साथ उनके परिवारजन भी शामिल हुए तथा योग का अभ्यास किया। कार्यक्रम में कार्यकारी निदेशक (विंध्याचल) श्री ई सत्य फणि कुमार, मुख्य महाप्रबंधक(प्रचालन एवं अनुरक्षण) श्री समीर शर्मा, अन्य सभी महाप्रबंधकगण, सुहासिनी संघ के पदाधिकारीगण के साथ-साथ सुहासिनी संघ की अन्य सदस्याओं, यूनियन एवं एसोसिएशन के पदाधिकारीगण नें योग का अभ्यास किया। एनटीपीसी विंध्याचल के परिवार के लोगों ने भी अपने शरीर, मन और आत्मा को फिर से तरोताजा करने के लिए योग को अपने दैनिक दिनचर्या में शामिल करने का संकल्प लिया ।इस अवसर पर कार्यकारी निदेशक (विंध्याचल) श्री ई सत्य फणि कुमार ने अपने उद्बोधन में प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि योग केवल एक शारीरिक अभ्यास नहीं है बल्कि जीवन का एक तरीका है जो मानसिक स्पष्टता, भावनात्मक स्थिरता और समग्र कल्याण को बढ़ावा देता है। यह भौगोलिक और सांस्कृतिक सीमाओं को पार करते हुए लोगों को एक साथ लाता है। साथ ही वैश्विक एकता और शांति की भावना को बढ़ावा देता है। इसलिये हमें प्रतिदिन की दिनचर्या में योग को निश्चित रूप से शामिल करना चाहिए । योग व्यायाम का ऐसा प्रभावशाली प्रकार है जिसके माध्यम से न केवल शरीर के अंगो, मन, मस्तिष्क और आत्मा में संतुलन बनाया जाता है । यही कारण है कि शारीरिक व्याधियों के अलावा मानसिक समस्याओं से भी निजात पाई जा सकती है । योगा का कार्यक्रम मानव संसाधन विभाग द्वारा किया गया जिसमें वीवा क्लब के सदस्यों नें अपना भरपूर सहयोग दिया।

# एनसीएल ने वर्ष 2024-25 में 10.43 लाख से अधिक पौधरोपण का रखा लक्ष्य

**सिगरौली।** एनसीएल ने सतत खनन और हरित आच्छादन के आलोक में चालू वित्त वर्ष 2024-25 में 656.02 हेक्टेयर भूमि पर लगभग 10.43 लाख पौधारोपण का लक्ष्य रखा है। इस संदर्भ में एनसीएल ने गुरुवार को मध्य प्रदेश राज्य वन विकास निगम (एमपीआरवीवीएन) के साथ मध्यप्रदेश में स्थित एनसीएल की खदानों अमलोरी, ब्लॉक-बी, निगाही, दुधिचुआ, जयंत और झिंगुरदा तथा रेनूकूट वन प्रभाग के साथ कंपनी की उत्तर प्रदेश स्थित बीना, खड़िया, कृष्णशिला और दूधीचुआ (उप्र स्थित क्षेत्र) की खदानों मे पोधों के रोपण के लिए तथा 4 साल तक रख रखाव के लिए एमओयू किया ।हस्ताक्षरित एमओयू के तहत चालू वित्त वर्ष में मध्य प्रदेश राज्य वन विकास निगम (एमपीआरवीवीएन) द्वारा मध्यप्रदेश में स्थित एनसीएल की खदानों अमलोरी, ब्लॉक-बी, निगाही, दुधिचुआ, जयंत और झिंगुरदा में स्थित अधिभार व समतल क्षेत्र में 227.25 हेक्टेयर भूमि पर 568125 पोधों के रोपण तथा 4 साल तक इनका रख रखाव किया जाएगा । साथ ही चालू वित्त वर्ष में रेनूकूट वन प्रभाग के द्वारा एनसीएल की उत्तर प्रदेश स्थित बीना, खड़िया, कृष्णशिला और दूधीचुआ (उप्र स्थित क्षेत्र) खदानों के अधिभार पर 56.87 हेक्टेयर में 1.46 लाख से अधिक पौधों के रोपण के साथ 4 साल तक रख- किया जाएगा। पौधारोपण के लिए खदान के अधिभार डंप व समतल भूमि निर्धारित की गयी है जहां बड़े स्तर पर स्थानीय प्रजातियों के पौधे लगाए जाएँगे । इसके साथ ही एनसीएल ने खदान क्षेत्र के बाहर डीग्रेडेड वन भूमि मे वर्ष 2024-25 में पौधारोपण के लिए सिंगरौली वन प्रभाग को 270 हेक्टेयर में 168750 पौधे लगाने एवम् रेनुकूट वन प्रभाग को 100 हेक्टेयर में 160000 पौधे लगाने तथा रख रखाव का कार्यादेश भी जारी किया है ।समझौता पत्रों के हस्ताक्षरित होने के समय एनसीएल की ओर से महाप्रबंधक (पर्या/वन) श्री संजीव कुमार, मुख्य प्रबंधक (पर्या) श्री एच बी शिंदे, सलाहकार (पर्यावरण) श्री एम एम मिश्रा , उप प्रबंधक (पर्यावरण), श्री डी. के. सैनी तथा मध्य प्रदेश राज्य वन विकास निगम की ओर से सम्भागीय प्रबंधक रीवा- सीधी परियोजना मण्डल श्री राकेश कोडापे, परियोजना रेंज अधिकारी, निगाही श्री आर के पांडे, परियोजना रेंज अधिकारी, दुधिचुआ श्री एस एन शुक्ला उपस्थित रहे । वहीं रेनूकूट वन प्रभाग की ओर से डीएफ़ओ रेनूकूट श्री स्वतंत्र कुमार श्रीवास्तव और क्षेत्रीय वन अधिकारी, (रेनूकूट) श्री संजय कुमार शर्मा उपस्थित थे।गौरतलब है कि कंपनी ने अपनी स्थापना से लेकर अभी तक लगभग 2.73 करोड़ पौधे लगाए हैं । कंपनी पर्यावरण संरक्षण के तहत डंप पुनर्स्थापना, पारिस्थितिकी तंत्र की बहाली, इको पार्क का निर्माण जैसे अनेक दीर्घकालिक विकास का कार्य कर रही है ।

# एनसीएल परिवार ने उत्साह के साथ मनाया 10 वाँ अंतरराष्ट्रीय योग दिवस



**सिगरौली।** शुक्रवार को 10वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर सभी एनसीएल परिवार ने सभी क्षेत्रों और इकाइयों में उत्साह के साथ योग किया ।एनसीएल मुख्यालय में सीएमडी एनसीएल श्री बी. साईराम, निदेशक कार्मिक श्री मनीष कुमार, निदेशक वित्त श्री रजनीश नारायण, निदेशक तकनीकी/संचालन श्री जितेंद्र मलिक, निदेशक (तकनीकी/परियोजना एवम् योजना) श्री सुनील प्रसाद सिंह और मुख्य सतर्कता अधिकारी श्री रविंद्र प्रसाद , कृति महिला मंडल की अध्यक्षा श्रीमती बी.के.दुर्गा, उपाध्यक्षागण श्रीमती नम्रता कुमार, श्रीमती संगीता नारायण, श्रीमती शोभा मलिक, श्रीमती वीणा सिंह के साथ बड़ी संख्या में एनसीएल कर्मी और हितग्राही उपस्थित रहे। इस अवसर पर सीएमडी एनसीएल ने सभी को 10वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की बधाई दिया । साथ ही स्वयं और समाज को योग के लिए प्रेरित करते हुए योग को अपनी जीवनशैली का महत्वपूर्ण हिस्सा बनाने का आवाहन किया ।

